हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री से.
न्यूनतम 20 .6 डिग्री से.


11 आंधी से क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ टूटे, कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित


12 यूनियन मांगों को लेकर जुलाई में करेगी मंत्रियों के आवास का घेराव

### कई कारोबारियों से मांगी जा चुकी विदेशी नंबरों से रंगदारी, एक कारोबारी के विदेश चले जाने की चर्चा

# डीलरों से मांग रहे एक्सटॉर्शन मनी, विदेशी नंबरों से आ रही कॉल्स, 'अभेद्य' एप से सुरक्षा दे रही पुलिस

- एक कारोबारी को दुबई से फोन किया गया है, जिसकी शिकायत पर पुलिस जांच कर रही
- पुलिस अधिकारी कई दिनों से ऐसे कॉलर्स की पहचान के लिए जमकर पसीना बहा रहे

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

शहर के प्रमुख प्रॉपर्टी डीलरों, कारोबारियों और फाइनेंसरों से विदेशी नंबरों से फोन पर एक्सटॉर्शन मनी की मांग की जा रही है। करोड़ों रुपये की राशि नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे उनमें दहशत का माहौल बना हुआ है। चर्चा है कि 5 करोड़ रुपये की रंगदारी के कॉल आने के बाद एक कारोबारी अज्ञावास में चला गया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को एक ही लिखित शिकायत मिली है, जबकि गायब कारोबारी का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस बड़े कारोबारियों को थाने बुलाकर उनके मोबाइल फोन पर 'अभेद्य' एप डाउनलोड करा रही है, ताकि धमकी देने वाले लोगों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि फोन कॉल्स को लेकर पुलिस पूरी अलर्ट है। किसी भी कारोबारी को घबराने की जरूरत नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों के दौरान पांच से अधिक कारोबारियों के पास विदेशी नंबरों से एक्शटॉशन मनी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी वाले फोन आ रहे हैं। इनमें प्रॉपर्टी डीलर, कारोबारी और फाइनेंसर शामिल हैं। मॉडल टाउन पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, जबकि एक प्रॉपर्टी डीलर 5 करोड़ की मांग का फोन आने के बाद सुरक्षित 'अज्ञात' स्थान पर चला गया है। उससे शिकायत लेने लिए पुलिस खुद उसकी तलाश कर रही है, चर्चा है कि वह विदेश घूमने के लिए निकल गया है। फोन कॉल्स को लेकर कारोबारियों में दहशत भरी चर्चा का बाजार गर्म हो रहा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह की कॉल्स कारोबारियों के पास आ रही हैं, जिससे माना जा रहा है कि असामाजिक तत्व कारोबारियों में भय का माहौल पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस अधिकारी कई दिनों से ऐसे कॉलर्स की पहचान के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं, ताकि ऐसे लोगों की हकीकत सामने लाकर कारोबारियों को सुरक्षा के प्रति निश्चिंत किया जा सके। इस तरह की कॉल्स आने के बाद भी कई कारोबारी पुलिस शिकायत दर्ज कराने से बच रहे हैं। एक कारोबारी को दुबई से फोन किया गया है, जिसकी शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।


रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना। फोटो : हरिभूमि

#### कॉल्स ट्रेस कराने के चल रहे प्रयास


पुलिस पूरी मुस्तैदी से कॉल्स करने वाले लोगों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। कारोबारियों को इस तरह की कॉल्स से घबराना नहीं चाहिए। पुलिस को अभी तक रिटन में एक ही शिकायत मिली है। कारोबारियों के मोबाइल फोन पर 'अभेद्य' एप डाउनलोड कराई जा रही है। शहर के कारोबारियों से लेकर आमजन तक को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है। -हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

अलग खबर

#### वीपीएन का इस्तेमाल करने की आशंका

पुलिस सूत्रों के अनुसार विदेशी नंबरों से कॉल्स वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का सहारा लेकर की जा रही हैं, जिससे कॉलर्स का पता लगाने में परेशानी आती है। वीपीएन के सहारे की जाने वाली कॉल्स को ट्रेस करना आसान नहीं होता, जिस कारण साइबर अपराधी इसका सर्वाधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। कॉल्स करने वालों का पता लगाने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंकी हुई है। पुलिस विभाग की ओर से कई कारोबारियों को मॉडल टाउन थाने बुलाकर उनके मोबाइल फोन पर 'अभेद्य' एप डाउनलोड कराना शुरू किया जा चुका है। कई कारोबारियों के मोबाइल पर यह अत्याधुनिक एप डाउनलोड कराई जा चुकी है। यह एप इस तरह की कॉल्स का पता लगाने के लिए काफी कारगर मानी जा रही है।

#### कॉल्स के बाद पुलिस सुरक्षा भी

सूत्रों के अनुसार पुलिस विभाग की ओर से ऐसे कारोबारियों को सुरक्षा भी मुहैया कराई जा रही है, जिनसे फोन पर एक्सटॉर्शन मनी की मांग की जा चुकी है। पुलिस अधिकारी किसी भी सूरत में कारोबारियों को भय के माहौल में नहीं देखना चाहते, जिस कारण इस दिशा में गंभीर और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** माडल टाउन थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में रामपुरा निवासी भगतसिंह, सचिन, निगानियावास निवासी हिमेश और भोतवास अहीर निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसे का आरोपी वाहन चालक काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 जून को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में कई लोग घायल हो गए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने राजस्थान के परनावास खेड़ा निवासी चालक बीरबल चौहान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक और आरोपी दबोचा

**कोसली।** पुलिस ने कारोली में मारपीट करने और धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर पुलिस ने 8 जून को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आपसी कहासुनी के बाद मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कारोली निवासी चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में कारोपी निवासी शुभम को गिरफ्तार किया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### हादसे का आरोपी वाहन चालक काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 23 मई को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने यूपी के जेठमवई निवासी चालक अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी वारंट पर

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने गत जनवरी माह में दर्ज किए गए धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 11 जनवरी को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। इस मामले में आरोपी नंदरामपुर बास निवासी नरेंद्र पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 14 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग और स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगी। इनके अलावा फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जाटूसाना थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव बराथनपुर निवासी साहब सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गत 21 फरवरी को गांव मस्तापुर निवासी कुलदीप ने शिकायत दी थी कि उसकी बेरली बस स्टैंड के पास साजन टैंट हाउस की दुकान है। 20 फरवरी को रात के समय दुकान के सामने से कोई उसकी बाइक को चोरी करके ले गया है। पुलिस ने शुक्रवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी साहब सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

*आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज*

## आईटीबीपी जवान के घर चोरों की सेंध, नकदी व जेवरात लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुलाबी बाग में एक आईटीबीपी के जवान के बंद मकान में सेंध लगाकर चोर नकदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पैदल आए चोर पास में खड़ी एक बाइक भी चोरी कर ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

आईटीबीपी में दिल्ली तैनात जवान के बेटे रितिक ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ अपनी बहन के घर गया हुआ था। जब वहां से परिवार के सदस्य वापस आए, तो गैलरी व अलमारियों के ताले टूटे हुए मिले। चोर अलमारी में रखे 15 हजार रुपये, जेवर और दुल्हन का लहंगा गायब मिले। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि चोर पड़ोसी की मकान के बाहर खड़ी बाइक भी चोरी कर ले गए।

सीसीटीवी फुटेज में चोर पैदल आते हुए दिखाई दे रहे हैं। वारदात के बाद दोनों बाइक पर सामान रखकर फरार हो जाते हैं। उसकी सूचना के बाद पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट मौके पर बुलाए। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।


रेवाड़ी। चोरी के बाद मकान में फैला सामान, सीसीटीवी में कैद चोरी का आरोपी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**कोसली।** कोसली से जुड्डी रोड़ पर वीरवार रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव जुड्डी निवासी मृतक प्रदीप के पुत्र देवदत ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रात करीब 9 बजे एक रिश्तेदार को लेने बाइक पर घर से गए थे। शुक्रवार प्रातः सूचना मिली कि उनके पिता जुड्डी-कोसली रोड पर रेलवे के पोल के साथ बाइक सहित पड़े हुए हैं। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे और देखा कि मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर रेलवे के पोल से टकराने से उनके पिता के सिर में चोट लगी हुई थी तथा वह अचेत अवस्था में थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा प्रदीप को अचेत अवस्था में कोसली अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## कंपनी कर्मचारी से मारपीट कर नकदी छीनने का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना बावल पुलिस ने गत वर्ष अगस्त माह में एक कंपनी कर्मचारी के साथ मारपीट कर नकदी व मोबाइल फोन छीनने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गत वर्ष 31 अगस्त को रेलवे रोड बावल पर एक मकान में किराए पर रह रहे मूल रूप से एमपी के जिला ग्वालियर के गांव बिओला निवासी ओमप्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह बावल की एक कंपनी में कार्यरत है। 30 अगस्त 2025 की रात वह रेलवे पुल के पास एक दुकान से सामान खरीदने के बाद अपने कमरे पर जा रहा था। इसी दौरान तीन लड़कों ने उसे एक ओर बुला लिया।

#### न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजा गया

तीनों उसे कच्चे रास्ते पर ले गए। उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब से नकदी निकाल ली। इन लोगों ने उसके मोबाइल फोन से यूपीआई के जरिए एक हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। उसके पास मौजूद उसके दोस्त के मोबाइल फोन से भी 1270 रुपये ट्रांसफर करा लिए। आरोपियों ने उसके दोस्त का मोबाइल फोन छीन लिया, जबकि उसका मोबाइल फोन वही फेंककर तीनों अपनी बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।



मामले के तीसरे आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के गांव असरफपुर जलाल निवासी गोविंद को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में बीमा कंपनी के कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर गोल्डन विला के पास कार की चपेट में आकर घायल हुए बाइक चालक बीमा कंपनी के कर्मचारी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। महेंद्रगढ़ जिले के गणियार निवासी सुरेंद्र गुरुग्राम की एक बीमा कंपनी में कर्मचारी था। वह बाइक से डेली अप-डाउन करता था। बीते बुधवार को शाम के समय वह बाइक लेकर घर के लिए निकला था। हाइवे के सर्विस रोड पर एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। रेवाड़ी के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। सुरेंद्र की शादी लगभग चार साल पहले ही हुई थी। उसके डेढ़ साल का लड़का है। पुलिस ने कार चालक चालक की तलाश शुरू कर दी।

## अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी-धारूहेड़ा रोड की राजस्व सीमा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले बाज नहीं आ है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-धारूहेड़ा रोड स्थित गुप्ता मेटल के पास पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 14 डीपीसी, 3 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया।

#### तीन एकड़ में हो रही थी विकसित


रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

#### प्लॉट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें: सिहाग


डीटीपी मंदीप सिहाग

*डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।*

### मौके पर पहुंचे एसडीएम ने आश्वासन दिया तब जाकर माने

# बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण सड़क पर उतरे, लगाया जाम

- अधिकारियों को बिजली व्यवस्था जल्द बहाल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

मंगलवार को अंधड़ के कारण बावल क्षेत्र में ठप हुई बिजली व्यवस्था चौथे दिन भी पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई है। अंधड़ से बावल क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर गिरकर डैमेज हो गए थे। शुक्रवार को बिजली की समस्या से परेशान गांव तिहाड़ा के ग्रामीणों ने बावल-प्राणपुरा रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों के जाम से रोड पर वाहनों की कतार लगने से यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते पर बावल थाना प्रभारी फूल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण बिजली निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। इसके बाद एसडीएम के संजीव कुमार बिजली निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि चार दिनों से गांव में बिजली के पोल टूटे पड़े हैं। बिजली के खंबों से रास्ते ब्लाक होने के कारण निकलना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली नहीं आने से पीने के पानी की भी भारी समस्या हो गई है। पानी लाने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों में जाना पड़ रहा हैं। एसडीएम संजीव कुमार ने बिजली निगम के एक्सईएन व एसडीओ के साथ गांव निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा अंधड़ से बावल क्षेत्र के करीब 200 बिजली पोल टूटे गए हैं, जिन्हें नए सिरे से खड़ा किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि नारनौल, पाली व रेवाड़ी से निगम के कर्मचारी दिन रात बिजली व्यवस्था सुधारने में लगे है, जल्द ही बिजली व्यवस्था सुचारू की जाएगी।


रेवाड़ी। जाम लगाते ग्रामीणों को समझाते हुए पुलिस, जाम लगाते ग्रामीण व सड़क पर टूटा पड़ा पोल। फोटो : हरिभूमि

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रूध पुल के पास वीरवार तड़के अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति को मौत हो गई। कसोला पुलिस ने शव को पहचान के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। रूध पुल के पास एक कंपनी के सामने सड़क पार करते समय लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को तुरंत बावल के अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की जेब से कोई दस्तावेज नहीं मिलने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाने के बाद मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।



## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि

## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला



### ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



### टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



## नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




## ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला



### दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

### 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

## 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

## इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

### जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाई थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

### दयनीय हालत के 17 किलोमीटर मार्ग में बने 24 स्पीड ब्रेकर, मरीजों की जान पर भारी

# कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर बना स्पीड ब्रेकरों का जाल

दलीप सिंह ▶▶| कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग कहने को स्टेट हाईवे है। जिस पर यातायात दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग के फोरलेन की अहम आवश्यकता बन चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत में यह मार्ग बदहाल लिंक मार्ग से भी बदतर अवस्था में है। महज 17 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में 24 स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं। जिससे इस पर सफर करना अब सुगम यात्रा नहीं, बल्कि बहुत दुर्गम हो चुकी है। जिस पर वाहन चालकों की ओर से गहन सावधानी बरतने की जरूरत है। लोक निर्माण विभाग की ओर से खंडित हो रहे इस हाईवे पर स्पीड ब्रेकरों का जाल बिछाया हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए ये ऊंचे ऊंचे ब्रेकर वाहनों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं, छह पॉइंट पर बने ओवरसाइज स्पीड ब्रेकर सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं।

दूसरी ओर इस हाईवे की सबसे दर्दनाक तस्वीर आपातकालीन स्थिति में देखने को मिलती है। एंबुलेंस चालकों का कहना है कि गंभीर मरीजों या सडक दुर्घटना में घायल लोगों के लिए शुरूआती एक घंटा, गोल्डन ऑवर बेहद कीमती होता है, जिसमें मरीज की जान बचाई जा सकती है, लेकिन इन अनगिनत और अवैध स्पीड ब्रेकरों के कारण एंबुलेंस अपनी सामान्य रफ्तार भी नहीं पकड़ पाती। हिचकोले खाती एंबुलेंस में तड़पते मरीजों के लिए लोक निर्माण विभाग के ये ब्रेकर कई बार जान पर भारी पड़ जाते हैं। सड़क की दयनीय हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी लीकेज साइफन से उन्हाणी गांव के समीप का करीब 200 मीटर का सड़क मार्ग पिछले लंबे समय से पूरी तरह खंडित पड़ा है, जहां घटित हुए हादसे में एक साथ चार युवकों की जान जा चुकी है। लीकेज के कारण यहां गड्ढे बन चुके हैं, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया है। यह स्टेट हाईवे अब विकास की नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर से किए जा रहे दावों की पोल खोल रहा है। स्थानीय निवासियों व वाहन चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन ओवरसाइज ब्रेकरों को हटाकर सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


कनीना। स्टेट हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर पार करता भारी वाहन, ब्रेकर पार करता बाइक चालक तथा खंड़ित हो रही सड़क।

**ग्रामीणों की मांग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर**

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्विनी कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे नम्बर 24 पर सम्बंधित ग्रामीणों की मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इनके आसपास यदा कदा घटित सड़क दुर्घटना को लेकर प्रोटेस्ट करते लोगों की ओर से यहीं कहा जाता रहा है कि यहां पर स्पीड ब्रेकर होता, तो सड़क हादसा बच सकता था। ओवरसाइज स्पीड ब्रेकरों व खंडित सड़क को ठीक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अधिकमास की शिवरात्रि आज, श्रद्धालु करेंगे व्रत

**रेवाड़ी।** वैसे तो हर माह की शिवरात्रि को खास माना जाता है, लेकिन ज्येष्ठ अधिकमास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को सबसे शुभ माना गया है। अधिकमास लगभग 3 वर्ष में एक बार आता है, इसलिए इस दौरान पड़ने वाले व्रतों को अधिक महत्वपूर्ण और कई गुना फल प्रदान करने वाला माना जाता है। मासिक शिवरात्रि पर शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं। शनिवार को अधिकमास की मासिक शिवरात्रि श्रद्धालुओं की ओर से विधि-विधान से मनाई गई।

### हर शुक्रवार को दिव्यांगों के लिए होगा कैंप

**रेवाड़ी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन जिले के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों की सुविधा के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को जांच माप शिविर लगाया जाएगा। सचिव ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को रेडक्रॉस कार्यालय गढ़ी बोलनी रोड में एलिम्को की सहायता से जांच-माप शिविर लगाए जाएंगे।

### साबरमती-जम्मूतवी रेल का संचालन 14 जून को

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-जम्मूतवी एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09431 साबरमती-जम्मूतवी एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा 14 जून रविवार को साबरमती से सुबह 8:50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:20 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, सुमेरपुर जवाईबांध, फालना, मारवाड़ जंक्शन, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, रोहतक, जींद, नरवाना, जाखल, धुरी, लुधियाना, जालंधर कैंट व पठानकोट कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### कैम्प लगाकर की टीबी मरीजों की स्वास्थ्य जांच

**सतनाली मंडी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारड़ा में टीबी जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान वेनरेबल पॉपुलेशन के लोगों की टीबी संबंधी जांच की गई तथा उन्हें बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी।

### बाबा मुकंददास गोशाला में खिलाया हरा चारा

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की टीम ने नांगल चौधरी स्थित बाबा मुकंददास गोशाला में गोसेवा अभियान चलाया। इस दौरान संस्था से जुड़े युवाओं ने गोशाला पहुंचकर बेसहारा व बीमार गायों की देखभाल की और उन्हें हरा चारा खिलाया। इस पुनीत कार्य में टीम के सक्रिय सदस्य योगेश सैनी, रविंद्र, विवेक, कुलदीप सैनी, भवानी, वंश, मासूम सैन, राजेश ने अपनी सेवाएं दी।

### तेज हवाओं से जिले में 60 से ज्यादा ट्रांसफार्मर डैमेज

# आंधी से बावल क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ टूटे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित

**बावल एरिया में शुक्रवार शाम तक कई गांवों में बाधित रही बिजली आपूर्ति, लोगों को करना पड़ा पानी की समस्या का सामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बार-बार बदलाव का सिलसिला लगातार चल रहा है। तेज आंधी के कारण पेड़ और बिजली के पोल गिर रहे हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। वीरवार की रात भी तेज आंधी के कारण बावल एरिया में कई पेड़ व बिजली के पोल टूट गए। आंधी के साथ कई इलाकों में बारिश भी हुई। पेड़ टूटने के कारण कुछ स्थानों पर सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते इस साल बार-बार आंधी आ रही है। आंधी आने का क्रम निरंतर चल रहा है, जिससे पेड़ व बिजली के पोल बड़ी संख्या में टूट रहे हैं। वीरवार देर सायं एक बार फिर तेज गति से आंधी आई। आंधी के कारण बावल एरिया में बड़ी संख्या में बिजली के पोल व पेड़ गिर गए। सर्वाधिक पेड़ बावल से सुलखा की ओर जाने वाले रोड पर टूटे हैं। यह रोड रात को देर तक बाधित रहा। बाद में पेड़ों को काटकर यातायात सुचारू कराया गया। बिजली निगम के इस सीजन में 500 से अधिक पोल टूट चुके हैं, जबकि 60 से ज्यादा ट्रांसफार्मर डैमेज होने का अनुमान है। बावल एरिया में कई गांवों की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को शाम तक भी सुचारू नहीं हो सकी थी, जिस कारण लोगों को बिजली के साथ पानी की समस्या का भी सामना करना पड़ा। आंधी के साथ कई एरिया में 2 से 8 एमएम तक बारिश हुई। एक सप्ताह के दौरान चार बार तेज आंधी आ चुकी है, जो पेड़ों को सर्वाधित नुकसान पहुंचा रही है। वन विभाग की ओर से टूटे हुए पेड़ों का आकलन शुरू कर दिया गया है।


रेवाड़ी। बावल क्षेत्र में मार्ग पर टूटे पड़े पेड़ों से यातायात बाधित। फोटो : हरिभूमि

**मौसम जल्द साफ होने की उम्मीद नहीं**

मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ बार-बार सक्रिय होने से मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले तीन-चार दिन तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं या आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तापमान में उतार-चढ़ाव भी निरंतर बना रहने के आसार हैं। इस समय किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जिले के कुछ भागों में अच्छी बारिश होने के बाद किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी। अन्य हिस्सों में बारिश होते ही बिजाई शुरू कर दी जाएगी।

**तापमान गिरने के बाद उमस ने बढ़ाई परेशानी**

आंधी और बारिश के बाद तापमान में गिरावट के बाद वातावरण में उमस बढ़ गई है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कूलरों की हवा राहत नहीं दिला पा रही है। चिपचाहट भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 4.5 डिग्री की गिरावट के साथ 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 8.6 डिग्री की बड़ी गिरावट के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। शाम के समय आसमान में छाए बादलों से बारिश की संभावना बनी हुई थी।


रेवाड़ी। विधायक अनिल यादव आमजन की समस्याएं सुनते हुए।

### जनकल्याणकारी नीतियों से आमजन का भाजपा पर बढ़ा भरोसा: अनिल

**कोसली।** विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को डहीना के बीडीपीओ कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निवारण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनता का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है। विधायक ने कहा कि पिछले दिनों जिले में नगर निकाय के चुनाव हुए, जिनमें भाजपा के उम्मीदवार को ही मतदाताओं ने चेयरमैन पद के लिए चुना। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दक्षिण हरियाणा में भाजपा को मजबूत बनाने के लिए पुरजोर मेहनत की। विधायक ने कहा कि डहीना खंड के विकास के लिए उन्होंने ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव सरकार को भेज दिए हैं और कार्यों को कराने के लिए ब्लाक में ग्रांट आनी शुरू हो गई है। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### नप करेगी वार्ड कमेटियों का गठन, 22 तक आवेदन कर सकेंगे इच्छुक नागरिक


ईओ अरुण नांदल।

**रेवाड़ी।** हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत नगर परिषद रेवाडी के प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा। शहर में 32 वार्डो में कमेटी का गठन होगा। नगर परिषद के ईओ अरुण नांदल ने बताया कि अधिनियम के तहत नगर परिषद की ओर से प्रत्येक वार्ड से वार्ड कमेटी में 3 से 7 आमजन को बतौर सदस्य शामिल किया जाना है। उन्होंने प्रत्येक वार्ड के नागरिकों से अनुरोध किया है कि जो भी अपने वार्ड में हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत वार्ड कमेटी का सदस्य बनना चाहता है, वह 22 जून को शाम 5 बजे तक नगर परिषद कार्यालय में अपना आवेदन दे सकता है। हरियाणा नगर पालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के तहत नियम व शर्ते नगर परिषद कार्यालय से ली जा सकती है।

## गूगल से मिला नंबर पड़ा भारी, डॉक्टर के खाते से किए हजारों रुपये साफ

- नर्सिंग होम का कर्मचारी बताकर रजिस्ट्रेशन के नाम पर मात्र पांच रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव सिहमा निवासी डॉ. सुभाष के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने उनके बैंक खाते से करीब 33 हजार रुपये निकाल लिए। यह पूरी घटना इसी माह आठ जून से 11 जून के बीच कि है, जिसने एकबार फिर ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार आठ जून को डॉ. सुभाष ने गूगल पर सर्च करके नारनौल के एक नर्सिंग होम का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। उन्होंने उस नंबर पर संपर्क कर इलाज के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने की प्रक्रिया शुरू की। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को नर्सिंग होम का कर्मचारी बताया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर मात्र पांच रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। छोटी राशि होने के कारण डॉक्टर को कोई संदेह नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत भुगतान कर दिया। इसके बाद उनके व्हाट्सएप पर रजिस्ट्रेशन कन्फर्मेशन का एक मैसेज भी भेजा गया, जिससे उन्हें पूरा भरोसा हो गया कि प्रक्रिया सही तरीके से पूरी हो चुकी है। हालांकि इसी दौरान ठगों ने उनकी बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर ली। वहीं नौ जून को डॉ. सुभाष ने अपने एक रिश्तेदार को 5400 रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके बाद 11 जून की सुबह करीब आठ बजे अचानक उनके खाते से 29 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए।

## आंधी-तूफान से रेलमार्ग बाधित: 3 घंटे तक खड़ी रही दुरंतो व सालासर सुपरफास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

वीरवार की शाम को क्षेत्र में आए भयंकर आंधी तूफान के कारण सतनाली रेवाड़ी रेलमार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया, जिससे दो महत्वपूर्ण ट्रेनें घंटों तक सतनाली रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। ट्रैक बाधित होने के कारण 12259 दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस व 22422 सालासर सुपरफास्ट एक्सप्रेस लगभग ढाई से तीन घंटे तक स्टेशन पर रुकी रही। जिससे सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सतनाली रेलवे स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था की भी कमी उजागर हुई, जिसको दुरुस्त करने के लिए सतनाली रेल सेवा समिति की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है। सतनाली सेवा समिति के प्रधान दीवान सिंह ने बताया कि रेलमार्ग बाधित होने के कारण स्टेशन पर ट्रेनों के रूके रहने की जानकारी मिलते ही तुरंत समिति सदस्य, सतनाली व्यापार मंडल व आरएसएस सहित विभिन्न संगठन बड़ी संख्या में समाजसेवी रेलवे स्टेशन पहुंच गए और यात्रियों की सेवा में जुट गए। समाजसेवियों ने स्टेशन पर पानी की व्यवस्था कर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराया तथा अन्य आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया। लंबे समय तक ट्रेनों के खड़े रहने से परेशान यात्रियों ने इस सेवा कार्य की सराहना की।


सतनाली मंडी। स्टेशन पर यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था में जुटे स्वयंसेवक।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पोर्टल कारगर

- उपायुक्त ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत सरकार की ओर से कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए शी-बॉक्स पोर्टल बनाया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षित सम्मानजनक एवं भेदभाव मुक्त कार्यस्थल उपलब्ध करवाना प्रत्येक संस्थान की जिम्मेदारी है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा सी पोर्टल सेक्सुअल हैरेसमेंट इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से किसी भी महिला कर्मचारी को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। यह पोर्टल शिकायतों को संबंधित आंतरिक समिति इंटरनल कमेटी अथवा स्थानीय समिति लोकल कमेटी तक पहुंचाने एवं उनके निपटारा करने पर निगरानी रखने में सहायक है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने सभी महिला कर्मचारी अधिकारियों एवं श्रमिकों से कहा है कि वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे तथा किसी भी प्रकार के कार्यस्थल यौन उत्पीड़न की स्थिति में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का उपयोग करें। साथ ही सभी सरकारी एवं निजी संस्थान पोस एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें ।

**वारदात** | घरेलू कलह के दौरान हुए खूनी खेल में 1 आरोपित गिरफ्तार

# चेलावास में जेठ ने लट्ठ मारकर की थी छोटे भाई की पत्नी की हत्या

- पुलिस ने आरोपित को एसडीजेएम कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव चेलावास में बुधवार रात्रि घटित महिला की हत्या की वारदात में पुलिस ने एक हत्यारोपित को कनीना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान अमित वासी चेलावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को एसडीजेएम कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड की मांग की। जहां कोर्ट ने उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस की ओर से हत्यारोपित से हत्या में प्रयुक्त लाठी व डंडे बरामद किए जाएंगे। बता दें कि घरेलू विवाद और रुपयों के लेनदेन के चक्कर में एक शराबी जेठ अमित ने अपने ही छोटे भाई की पत्नी के सिर पर लट्ठ मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपित और उसके एक साथी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतका अंजली के पति मनोज वासी चेलावास ने बताया कि उसका बड़ा भाई अमित उर्फ गरडू शराब पीने का आदी है। दोनों भाई एक ही मकान में रहते हैं। वारदात वाले दिन शाम करीब ठह बजे अमित अत्यधिक शराब के नशे में घर आया और पत्नी अंजली से पैसों की मांग करने लगा। जब अंजली ने पैसे देने से इंकार किया, तो अमित आगबबूला हो गया। अमित ने आरोप लगाया कि मनोज पुत्र राजपाल उससे 30 हजार रुपये मांगता है और वहीं उसे शराब पिलाता है। इसी रंजिश व रुपयों के विवाद को लेकर अमित ने अंजली के साथ झगड़ा करते हुए सिर पर लट्ठ दे मारा। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण अंजली लहूलुहान होकर गिर पड़ी। जिस पर आनन फानन में घायल अंजली को लेकर उप नागरिक अस्पताल कनीना पहुंचे, लेकिन अस्पताल लाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक महिला के पति मनोज ने पुलिस को बताया कि इस पूरी वारदात के पीछे मनोज पुत्र राजपाल का हाथ है। वह पहले भी तीन चार अमित को पुलिस के चंगुल से छुड़वा चुका है और वही इस हत्या का मुख्य मास्ट रमाइंड है। उसकी शह पर अमित ने अंजली की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।


कनीना। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हत्यारोपित। फोटो: हरिभूमि

**हत्या को लेकर मां ने पति समेत 4 पर जड़े आरोप**

ईधर अंजली की हत्या को लेकर मृतका की मां ने भी पुलिस को लिखित शिकायत देकर पति सहित चार व्यक्तियों पर आरोप जड़ते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी रामनगर जंगल की रहने वाली नीतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अंजली की शादी साल 2021 में चेलावास निवासी मनोज कुमार पुत्र कपूर सिंह के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया गया था, शादी के बाद अंजली ने बेटे को जन्म दिया, जो अब तीन वर्ष का है। उनका आरोप है कि अंजली का पति मनोज व जेठ अमित शराब पीने के आदी हैं तथा वे लगातार दहेज के लिए अंजली को प्रताड़ित कर रहे थे। एक महीने पहले भी पीड़िता के परिवार ने 20 हजार रुपये नकद दिए थे।

### जैलाफ स्कूल में छात्रों को करवाया योगाभ्यास

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जैलाफ में प्राचार्य लोकेश कुमार के मार्ग दर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर छात्रों को योगाभ्यास करवाया गया तथा यूथ एवं ईको समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पीटीआई राकेश कुमार व यूथ एवं ईको क्लब इंचार्ज धर्मसिंह के नेतृत्व में युवाओं को योगाभ्यास करवाया गया। नर्सरी कोच मनदीप ने युवाओं को योगासनों के लाभ से अवगत करवाया।

**NOTICE**

1. Nikita Yadav D/o Ashok Kumar R/o H.No. 265, Vill-Pahari, Teh-Pataudi, Distt-Gurgaon declare That I am the deponent herein and am fully acquainted with the facts stated below. My name is Nikita Yadav and I have passed Class 10 and Class 12 examinations from CBSE. Due to an inadvertent error, my father's name has been recorded incorrectly in my educational certificates/marksheets as: Incorrect Name: Ashok Kumar Yadav. The correct name of my father is: Correct Name: Ashok Kumar. Both the above names refer to one and the same person, namely my father. This affidavit is being executed for the purpose of correction/verification of my father's name in all educational records, admission records, and other official documents.

## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल की मोटरें निकाल ले गए चोर

रेवाड़ी। वीरवार की रात रात कन्होरी में चोर दो किसानों के ट्यूबवेल की मोटरें चोरी कर ले गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने चोरी की जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में कन्होरी निवासी सतीश पंच ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर सिस्टम पर आधारित मोटर लगवाई हुई है। शुक्रवार सुबह जब वह अपने खेत में गया तो बोरवेल से मोटर गायब मिली। उसकी मोटर 7.5 एचपी की थी। उसने आसपास पूछताछ की, तो पड़ोसी भीमसिंह ने बताया कि उसकी भी 2 एचपी की मोटर चोरी हो गई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### आओ मिलकर शहर को खुशियों में नंबर वन बनाए कार्यक्रम 14 को

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से 14 जून को पंजाबी धर्मशाला में जीवन में नई उर्जा लाने वाला कार्यक्रम आओ मिलकर शहर को खुशियों में नंबर-वन बनाए का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा पार्षद ओमप्रकाश सैनी विशिष्टातिथि रहेंगे।

### पुलिस की अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति धरातल पर दिखी

# क्राइम के ग्राफ में गिरावट, जघन्य महिला व संपत्ति अपराधों पर शिकंजा

गत वर्ष की तुलना में जनवरी से मई तक गैर-इरादतन हत्या, लूट व डकैती तथा गोवंश संरक्षण के मामलों में शत-प्रतिशत गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पुलिस की मुस्तैदी और प्रभावी गश्त के कारण गत वर्ष 2025 की समान अवधि 1 जनवरी से 31 मई की तुलना में इस वर्ष इन पांच महीनों में जघन्य अपराधों, महिला संबंधी अपराधों और संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी दर्ज की गई है। समान अवधि के तुलनात्मक आंकड़ों के विश्लेषण करने पर पुलिस की अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति धरातल पर दिखाई दे रही है।

#### इन मामलों में मिली सफलता

**संपत्ति संबंधी अपराध**

चोरी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले गिरोहों पर नकेल कसने के कारण इन मामलों में गत वर्ष की अपेक्षा 43.5 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

**वाहन चोरी**

पुलिस चेकिंग और नाकाबंदी के चलते वाहन चोरी के मामलों में 40.3 प्रशित की गिरावट आई है।

**स्नैचिंग के मामले**

पुलिस चौकसी बढ़ने से स्नैचिंग के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है तथा अन्य साधारण चोरी के मामलों में 37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**महिला विरुद्ध अपराध**

पुलिस के प्रयासों के कारण महिला संबंधी अपराधों में 33.6 प्रतिशत की कमी आई है। जिनमें छेड़छाड़ से जुड़े मामलों में 58.3 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

**जबरन वसूली व ब्लैकमेलिंग**

पुलिस की त्वरित कार्रवाई के डर से ब्लैकमेलिंग और फिरौती के मामलों में 66.7 प्रतिशत की कमी आई है।

**लूट व डकैती**

गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 31 मई तक जिले में लूट व डकैती के मामलों में 100 प्रतिशत की कमी आई है।

#### सुरक्षित माहौल प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता



जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित माहौल प्रदान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध के ग्राफ को गिराना ही नहीं, बल्कि आमजन के मन में पुलिस के प्रति अटूट विश्वास और अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा करना है। भविष्य में भी अपराधियों, नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस का कड़ा रुख जारी रहेगा। आमजन किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराधी की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी, रेवाड़ी।

#### जघन्य एवं व्यक्तिगत अपराध

**हत्या के मामले:**

गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 31 मई तक हत्या के मामलों में 62.5 प्रतिशत तथा गैर-इरादतन हत्या के मामलों में 100 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आपसी रंजिश और मारपीट के गंभीर मामलों में 28.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। मामूली विवादों में होने वाली मारपीट के मामलों में भी 68.2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम:**

अवैध हथियार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ की गई घेराबंदी के परिणाम स्वरूप लोकल एंड स्पेशल लॉ के तहत कुल अपराधों में 7.7 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें मुख्य रूप से हरियाणा गोवंश संरक्षण अधिनियम के मामलों में 100 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

**आर्थिक एवं अन्य अपराध:**

धोखाधड़ी और जालसाजी करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के कारण इन मामलों में 41.2 प्रतिशत तथा जालसाजी के मामलों में 58.8 प्रशित की कमी आई है।

## न्यूज डायरी



### संस्था ने की शहर में इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग

रेवाड़ी। सामाजिक संस्था लोक जनसेवा मंच की ओर से शुक्रवार को कोर कमेटी सदस्यों के साथ हरिओम अग्रसेन परिसर में बैठक आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने प्रशासन से शहर में इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग की। सदस्यों ने आमजन की अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया। प्रधान रमेश मुद्गल ने कहा कि प्रशासन को शहर में सिटी बस सेवा चलानी चाहिए। उन्होंने सरकुलर रोड व कोर्ट सहित सभी मुख्य चौराहों पर बस क्यू शेल्टर बनवाने की भी मांग की ताकि गर्मी में आमजन को बैठने की सुविधा मिल सकें। उन्होंने कहा कि मांग को लेकर मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर हरिकिशन शास्त्री, महेंद्र गोयल, रविंद्र मुद्गल व खुशीराम पटवारी मौजूद थे।



### पुलिस बल की मौजूदगी में दिलाया गया जमीन का कब्जा

रेवाड़ी। चांदनवास गांव में भाइयों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के कोर्ट के आदेश पर पुलिस बल की मौजूदगी में पीड़ित को जमीन का कब्जा दिलाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कब्जा कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। गांव में भाइयों के बीच कोर्ट में चल रहे जमीनी विवाद के बीच एक भाई को जमीन का कब्जा दिलाने के आदेश जारी हुए थे। आदेशों की अनुपालना करने के लिए शुक्रवार को पब्लिक हेल्थ के एसडीओ संदीप यादव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। रोहड़ाई पुलिस थाने से एसआई गिरीराज के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। रेवाड़ी से भी अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया था। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पीड़ित को जमीन का कब्जा दिला दिया। किसी ने भी इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं किया, जिस कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।



### नगर परिषद टीम ने चलाया स्वच्छता अभियान

रेवाड़ी। नगर परिषद की ओर से शहर में 20 जून तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने सेक्टर-1 स्थित अंत्योदय भवन के पास स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर पीपीपी कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने टीम व आमजन को कपड़े के बैग वितरित किए। अभियान के दौरान सेक्टर की गलियों की सफाई की गई और तथा क्षेत्रवासियों को स्वच्छता बनाए रखने और कचरे का उचित निस्तारण करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में कुशल यादव कनिष्ठ अभियंता, हर्ष शर्मा, अजीत दरोगा, आईईसी टीम से कृष्ण सभ्रवाल व पंकज कुमार सहित सफाई कर्मचारियों ने सहयोग दिया।



### स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति योग: आर्य

बावल। पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में बावल के सेक्टर-2 में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर का संचालन जिला प्रभारी दयाराम आर्य के मार्गदर्शन में पतंजलि योग समिति जिला महिला प्रभारी सरोज आर्या के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर दयाराम आर्य ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर पूनम, मनीषा, प्रियंका, ऋचा, प्रिंस, नीतू, रुहानी, परवीन, मनीषा पूनम, ग्यारसी और परवीन सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।

### युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों से जुड़ने के लिए किया प्रेरित



रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव लाधूवास गुर्जर व रोलियावास में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्त टीम ने लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।



### एनसीसी कैंप में कैडेट्स ने लिया शारीरिक, ड्रिल व हथियारों का प्रशिक्षण

रेवाड़ी। सैनिक स्कूल रेवाड़ी के जेडी-जेडब्ल्यू दूसरे साल के कैडेट्स के लिए एनसीसी सीएटीसी-168 कैंप का आयोजन हरि मंदिर आश्रम पटौदी में किया गया। कैंप में कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता तथा विभिन्न सामाजिक एवं तकनीकी विषयों के प्रति जागरूक किया गया। शुक्रवार को कैंप का समापन हुआ। 10 दिवसीस शिविर 5 हरियाणा बीएन एनसीसी गुरुग्राम के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, व्याख्यान, प्रदर्शन, प्रतियोगिताएं तथा संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। कैंप में पंजीकरण एवं परिचय सत्र, शारीरिक प्रशिक्षण एवं ड्रिल, हथियारों की जानकारी एवं स्वास्थ्य शिक्षा, मानचित्र अध्ययन, पेट्रोलिंग एवं आपदा प्रबंधन, क्रॉस-कंट्री दौड़ एवं आधुनिक तकनीक, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता कार्यक्रम, एम्बुश प्रशिक्षण एवं नेत्र स्वास्थ्य तथा ओएलक्यू विषयों पर व्याख्यान दिए गए। कैडेट्स ने कैंप में प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अनेक पुरस्कार भी जीते। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसके कौशिक ने कैडेट्स को ऑफिसर लाइक क्वालिटीज से अवगत कराया। उन्होंने नेतृत्व, उत्तरदायित्व, साहस, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन, संचार कौशल एवं टीमवर्क जैसे गुणों के महत्व पर प्रकाश डाला। कैंप के विद्यालय प्रभारी अमित गौरव, सीटीओ, हवलदार वसीम खान व पीटीआई नचिता रहीं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार पर सीएचसी में खुशी

- ग्रामीणों ने जताया स्वास्थ्य मंत्री आरती का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग और मेदांता फाउंडेशन ऑफ पुअर एंड नीडी पेशेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट के बीच हुए एमओयू से प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल की नई मिसाल स्थापित होगी। इस समझौते के तहत महेंद्रगढ़ जिले के अटेली, रेवाड़ी के मीरपुर तथा गुरुग्राम के फर्रुखनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन किया जाएगा। मीरपुर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां वितरित की गईं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार को लेकर सीएचसी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल रायपुर, सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा और सुनील मुसेपुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि सीएचसी में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे महिलाओं और बच्चों को बेहतर उपचार एवं देखभाल मिल सकेगी। परियोजना के तहत समर्पित सिजेरियन ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक लेबर रूम, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा मातृ एवं नवजात देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा तथा एनीमिया स्क्रीनिंग क्लीनिक भी स्थापित किए जाएंगे।





रेवाड़ी। स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार की खुशी मनाते भाजपा नेता तथा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते अतिथि।

#### बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रयासरत मंत्री

इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद से ही आरती राव लगातार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने पीजीआई रोहतक से लेकर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आम मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार के लिए अनेक कदम उठाए हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों को ज्यादा मिल रहा है। उनके मंत्री बनने के बाद से सरकारी अस्पतालों की दशा में काफी हद तक सुधार हुआ है। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन दलबीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 16 को

रेवाड़ी। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई बाल की ओर से 16 जूनको सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मनीता यादव ने बताया कि रोजगार मेले में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगें। उन्होंने बताया कि मेले में लगभग 20-25 कंपनियां भाग लेंगी, जिसमें मैट्रिक, इन्टरमीडिएट, स्नातक (सभी संकाय), आईटीआई, डिप्लोमा व अन्य तकनीकी डिग्री धारक पास लड़कें व लड़कियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने इच्छुक प्रार्थियों से आह्वान किया कि वे रोजगार मेले अपना रिज्यूम एवं आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आए।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर: डा. यशपाल



कोसली। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा, योगा फार हेल्थी ऐजिंग थीम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान एवं स्वस्थ वृद्धावस्था के लक्ष्य को समर्पित कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों व पुरूषों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योगा फार हेल्थी ऐजिंग का संदेश है कि यदि युवावस्था से ही योग को जीवन का हिस्सा बना लिया जाए तो वृद्धावस्था स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक बनती है। योग तनाव को दूर करता है, जिससे युवा नशे जैसी बुरी लत से बच सकते हैं। यही योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा की संकल्पना है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शवासन तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति का अभ्यास कराया गया। डा. अनिल कुमार ने कहा कि नियमित योग से गठिया, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। सहायक अजयपाल ने कहा कि नशा शारीरिक ही नहीं, मानसिक उम्र भी घटाता है। प्राणायाम और ध्यान मानसिक दृढ़ता देते हैं जिससे व्यक्ति नशे से दूर रहता है। कार्यक्रम में राजेश, जगदीश, ज्योति यादव, सनिता यादव, अंजू शर्मा, बिन्दु यादव, बीरेन्द्र, रविन्द्र, सुखबीर यादव, जय भगवान, मधु बाला, सविता यादव, सुशीला, निर्मला, युविका, भावना, न्यासा व तनिश मौजूद थे।

# यूनियन मांगों को लेकर जुलाई में करेगी मंत्रियों के आवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिक वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग शुक्रवार को सिंचाई विभाग कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान पवन यादव ने की तथा संचालन सचिव राजेंद्र दिसौदिया ने किया। इस मौके पर प्रांतीय मुख्य संगठन कर्त्ता योगेश शर्मा, प्रांतीय उप महासचिव राजेश धनखड, प्रांतीय प्रचार सचिव शमशेर सिंह यादव, पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव व छोटेलाल यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मंत्री के आश्वासन पर सकारात्मक कार्य न होने के विरोध में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। यूनियन के नेताओं ने कहा कि राज्य में कार्यरत सभी ब्रांच अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी कार्यकारी अभियंताओं को 15-16 जून को मांग पत्र सौंपेंगे। इसके बाद 4 जुलाई को सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री के कैंपस कार्यालय भिवानी में घेराव किया जाएगा। 18 जुलाई को हिसार मे लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क विभाग तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के आवास के घेराव किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर मंत्री मांगों पर संज्ञान लेकर कोई ठोस सकारात्मक कार्रवाई नहीं करते है तो आगामी आंदोलन का फैसला लिया जाएगा।



#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला कमेटी से नीरज यादव, भीमलाल, नवीन कुमार, ब्रांच कमेटी के उमेश कुमार, विक्रम चौहान, रवि, अंकित कुमार, जयमल, आकाश यादव, जगत सिंह, विजय कुमार, अशोक, लोकेश, नवल व होशियार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

**कार्यक्रम** केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम मनाया

# प्राकृतिक कृषि किसानों के लिए लाभदायक व टिकाऊ विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से मॉडल टाउन सहित गांव मनेठी, परखोत्तमपुर, बालावास, नंगली परसापुर, दुल्हेड़ा खुर्द व सुर्खपुर में प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अरावली किसान क्लब की ओर से कृषि विभाग मॉडल टाउन में एक दिवसीय प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम बावल संजीव कुमार ने कहा कि क्लब की ओर से पौधरोपण, पशु-पक्षी संरक्षण, प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण एवं प्रतिभाओं को सम्मानित करने जैसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने प्राकृतिक कृषि को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर यशपाल खोला कंवाली राष्ट्रपति किसान रत्न अवार्डी एवं प्रधान अरावली किसान क्लब ने प्राकृतिक कृषि विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, प्राकृतिक कीट प्रबंधन, भूमि की उर्वरता बढ़ाने के उपाय तथा खरीफ सीजन में प्राकृतिक कृषि अपनाने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। खोला ने कहा कि प्राकृतिक कृषि केवल खेती की पद्धति नहीं बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण एवं आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। उन्होंने बताया कि बढ़ती लागत और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक कृषि किसानों के लिए लाभदायक एवं टिकाऊ विकल्प बनकर उभर रही है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. जितेंद्र अहलावत डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर ने कहा कि कृषि विभाग किसानों की आय बढ़ाने एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि से उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी, जल एवं पर्यावरण का संरक्षण भी संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष, अरावली किसान क्लब ने की।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाएं सम्मानित

इस अवसर पर समाज, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, पशुपालन, खेल एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में राजसिंह जैनाबाद, (पशु-पक्षी संरक्षण), गोपीचंद पूर्व सरपंच जैनाबाद (पौधारोपण एवं संरक्षण), दिनेश कुमार मास्टर (शिक्षा क्षेत्र), दीपिका मेघवाल गांव जाट (दसवीं कक्षा में हरियाणा में प्रथम स्थान), अनीता देवी गांव चिमनावास (मिलेट्स उत्पाद निर्माण), पायल यादव गांव कंवाली (राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल), शीला देवी गांव महोम्मदपुर बावल, (पशुपालन एवं प्राकृतिक कृषि), सत्यवान धनखड़ गांव बुडौली (गृहवाटिका एवं क्लब गतिविधियां), नरवीर खोला खलियावास (प्राकृतिक कृषि एवं क्लब सहयोग) तथा तमन्ना गांव गोलियाकी को आईआईटी रुडकी से शिक्षा प्राप्त कर सेल्सफोर्स बेंगलुरु में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. अनिल लाम्बा, डा. अजीत ग्रेवाल, सुरेंद्र कुमार क्लब सचिव, महेश कुमार, सुरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, रामनिवास, मास्टर बीर सिंह, उदमीराम, रतिराम, उधम सिंह, मोहित कुमार, मास्टर राकेश, बुधराम, संदीप व छत्रपाल सहित अनेक किसान मौजूद थे।

